4

मुख्य वचनः निर्गमन 12:1-30

पुराने नियम में परछाईं दिखाई गई

पुराने नियम में नये नियम के विभिन्न व्यवहारों की परछाईं दी गई। उसमें नये नियम की वास्तविकताओं के ''रूप'' *tupos* हैं, जिन्हें ''प्रतिरूप'' (*antitupos*) के रूप में जाना जाता है। आदम यीशु का ''रूप'' (रोमियों 5:14) था, सो यीशु उसका ''प्रतिरूप'' है। नूह का पानी के द्वारा जहाज में सुरक्षित लाया जाना बपतिस्मे का एक रूप था:

> ... जिन्होंने उस बीते समय में आज्ञा न माना जब परमेश्वर नूह के दिनों में धीरज धरकर ठहरा रहा, और वह जहाज बन रहा था, जिसमें बैठकर थोड़े लोग अर्थात आठ प्राणी पानी के द्वारा बच गए। और उसी पानी का दृष्टांत [*antitupos*] भी, अर्थात बपतिस्मा, ... अब तुम्हें बचाता है (1 पतरस 3:20, 21; NKJV)।

पानी के द्वारा जहाज में जाने वालों का शारीरिक छुटकारा बपतिस्मे अर्थात वास्तविकता (प्रतिरूप) के द्वारा जो अब हमें बचाता है, हमारे आत्मिक छुटकारे की परछाईं है (रूप)। जीवित रहने के लिए इस्राएलियों के देखने के लिए ऊंचा उठाया गया सांप यीशु का रूप है, जिसे ऊंचे पर उठाया गया ताकि हमें अनन्त जीवन मिल सके (यूहन्ना 3:14, 15)।

परछाई से पहले पेड़ का होना आवश्यक है। इसके विपरीत, पुराने नियम के रूप अर्थात परछाइयां पहले आती हैं; फिर नये नियम के प्रतिरूप अर्थात वास्तविकताएं उन्हें पूरा करती हैं। पुराने नियम के रूप आम तौर पर नये नियम की आत्मिक वास्तविकताओं के शारीरिक प्रतिनिधित्व (रोमियों 2:29; 7:6; 2 कुरिन्थियों 3:6) करते हैं।

यहूदियों के विभिन्न संस्थानों जैसे स्मरणों में विशेषकर फसह; बलिदानों; वाचाओं; और राज्य के भोजों में प्रभु-भोज की पूर्व आकृति है।

स्मरण

परमेश्वर ने पुराने नियम में लोगों को बड़ी घटनाओं को याद रखने के लिए स्मरणों का इस्तेमाल किया।

> स्मरणों का लक्ष्य व्यक्तियों और घटनाओं में अति मूल्यवान बातों को बनाए रखना और उन्हें आगे ले जाना है। ...
>
> हर स्मरण में कुछ न कुछ याद किया जाता है, नहीं तो इसका महत्व खो जाता है और यह बेकार हो जाती है। स्मरण के लिए आम तौर पर योग्य व्यक्ति, घटनाएं या बातें, आम तौर पर युग परिवर्तक, असाधारण होते हैं।[1]

पुराने नियम में स्मरणों के उदाहरणों में निम्न उदाहरण शामिल हैं:

- जब परमेश्वर ने बादलों में धनक रखी, तो उसने कहा कि वह पृथ्वी को दोबारा प्रलय से कभी जलमग्न नहीं करेगा (उत्पत्ति 9:13-17)। धनक सारी मनुष्य जाति के साथ की गई परमेश्वर की वाचा का स्मरण।
- परमेश्वर ने साप्ताहिक छुट्टी मनाने के लिए इस्राएल को सब्त का दिन दिया (निर्गमन 20:10; व्यवस्थाविवरण 5:14)। लोगों को यह याद रखना था कि उसने उन्हें मिस्र की दासता से छुड़ाया था।
- इस्राएल को फसह दिया गया ताकि लोग उस रात को याद रखें जब परमेश्वर ऊपर से गुज़ारा था और उसने अलंगों पर लहू के चिह्न लगे घरों में उनके पहलौठों को नहीं मारा था। जब लोग फसह का भोज खाते, तब उन्हें मिस्र की दासता से उन्हें छुड़ाने की घटनाओं को स्मरण करना होता था।
- यहोशू ने बारह पुरुषों को परमेश्वर के उन्हें पार लगाने को स्मरण करने के लिए यरदन नदि से एक एक पत्थर लेने के लिए कहा था। यह लोगों के लिए अपने बच्चों को बताने के लिए स्मरण था कि परमेश्वर ने किस प्रकार से नदी के बहाव को रोका था ताकि वे पार निकल सकें, जिसमें वाचा का सन्दूक लिए याजक आगे आगे था (यहोशू 3:11-4:7)

पुराने नियम के स्मरणों से लोगों को महत्वपूर्ण घटनाओं को याद रखने में सहायता मिलती थी। यीशु ने यह कहते हुए कि ''मेरे स्मरण के लिए यही किया करो'' (1 कुरिन्थियों 11:24; देखें आयत 25) प्रभु-भोज की स्थापना एक स्मरण के रूप में की।

बलिदान

परछाइयों के रूप में व्यवस्था के बलिदानों से यीशु के बलिदान के लिए एक पृष्ठभूमि मिली:

> क्योंकि व्यवस्था जिसमें आनेवाली अच्छी वस्तुओं का प्रतिबिम्ब है, पर उनका असली स्वरूप नहीं, इसलिए उन एक ही प्रकार के बलिदानों के द्वारा, जो प्रति वर्ष अचूक चढ़ाए जाते हैं, पास आने वालों को कदापि सिद्ध नहीं कर सकतीं (इब्रानियों 10:1)।

व्यवस्था के अधीन बलिदान भेंट किए जाने पर, पापी लोग अपने पापों को याद करते हैं। ''परन्तु उनके द्वारा प्रति वर्ष पापों का स्मरण हुआ करता है'' (इब्रानियों 10:3)। हमारे प्रभु-भोज लेने पर भी यही होता है। हम यीशु के उन पापों के लिए दिए जाने पर ध्यान करते हुए अपने पापों को स्मरण करते हैं (मत्ती 26:26-28; 1 कुरिन्थियों 11:23-25)।

वाचा

पहली वाचा, जिसमें दस आज्ञाएं थीं, परमेश्वर द्वारा इस्राएलियों के साथ मिस्र से उनके निकलने के बाद बनी थी। मूसा ने वाचा के सन्दूक में पत्थर की दो पट्टियां रखीं जिन पर वाचा का सार अर्थात दस आज्ञाएं लिखी गईं।

क्योंकि पहली वाचा इस्राएल के पापों के लिए पूर्ण दया और क्षमा नहीं देती थीं, इस कारण परमेश्वर ने उसकी जगह दूसरी वाचा बांधी जो यह सब देती है (इब्रानियों 8:7, 8, 12, 13)। यिर्मयाह ने भविष्यवाणी की:

> फिर यहोवा की यह भी वाणी है, सुन, ऐसे दिन आने वाले हैं जब मैं इस्राएल और यहूदा के घरानों से नई वाचा बान्धूंगा। वह उस वाचा के समान न होगी जो मैं ने उनके पुरखाओं से उस समय बान्धी थी जब मैं उनका हाथ पकड़कर उन्हें मिस्र देश से निकाल लाया (यिर्मयाह 31:31, 32क)।

नई वाचा के मध्यस्थ (इब्रानियों 12:24) यीशु ने ''पहले को उठा दिया ताकि दूसरे को नियुक्त करे'' (इब्रानियों 10:9)।

दोनों ही वाचाएं लहू के साथ बांधी गई (निर्गमन 24:5-8; इब्रानियों 9:18-20)। पशुओं का लहू यीशु के लहू का प्रतीक था, जिससे अनुग्रह और क्षमा की नई वाचा बांधी गई थी (मत्ती 26:28)। इस वाचा में परमेश्वर ने उन लोगों के पाप क्षमा करने की सहमति दी है जो यीशु की आज्ञा मानते हैं। यीशु के लहू के द्वारा वह हमारे पाप शुद्ध कर देगा और उन्हें फिर याद न रखेगा (इब्रानियों 8:12)।

शाही भोजन

दूसरों के साथ जिन्हें सम्मानित किया जा रहा हो राजा के मेज़ पर भोजन करना एक बड़ा सौभाग्य माना जाता है। दाऊद ने अपनी मेज़ पर खाने के लिए मकीबोशेथ के लिए प्रबन्ध किया (2 शमूएल 9:6-10)। उसने सुलेमान से दाऊद के अबशालोम के सामने से भागने के समय बर्जिल्लै के प्रति आभार दिखाने के लिए अपनी मेज़ पर आने की अनुमति देकर बर्जिलै के पुत्रों को सम्मान देने को कहा (1 राजाओं 2:7)। सुलैमान की मेज़ पर कइयों ने सम्मान पाया था (देखें 1 राजाओं 4:27)। बाबुल के राजा दुष्ट मोर्दके ने यहोयाकीन को अपनी उपस्थिति में भोजन करने के लिए कैद में से निकालकर ऊंचा किया (2 राजाओं 25:29; यिर्मयाह 52:33)।

प्रभु की मेज़ पर रोटी खाना और दाख के रस में से पीना भी एक सम्मान है। यह वह शाही भोजन है, जिसे हम राज्य के अन्य लोगों के साथ बांटते हैं (देखें फिलिप्पियों 3:20) जो यीशु को और हमारी ओर से उसके दुख सहने को स्मरण करने के लिए इकट्ठा हुए थे। जो लोग इसमें भाग लेते हैं वे बड़े आशिषित होते हैं क्योंकि उन्हें एक दूसरे के साथ और उसकी मेज़ पर उसके भोज के समय महाराजा यीशु के साथ सहभागिता करने का सौभाग्य मिलता है (मत्ती 26:29; लूका 22:30; देखें मरकुस 14:25; 1 कुरिन्थियों 10:21)।

सारांश

पुराने नियम में किए जाने वाले कार्य नये नियम की वाचा की वास्तविकताओं के रूप थे। इनमें से कुछ प्रभु-भोज का प्रतीक हैं। वे हमें इसके अर्थ और उद्देश्य को समझने और सराहने में सहायता कर सकते हैं।

टिप्पणी

[1]गाई बी. फंडरबर्क, ''मैमोरियल, मैमरी,'' *द ज़ौंडरवन विक्टोरियल इन्साइक्लोपीडिया ऑफ़ द बाइबल,* सम्पा. मैरिल सी. टैनी (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ौंडरवन पब्लिशिंग हाऊस, 1975), 4:179.

फसह, एक रूप

प्रभु-भोज और फसह की कई तरह से तुलना की जा सकती है। नीचे दी गई समानताओं और अन्तरों पर ध्याान दें।

फसह	*प्रभु-भोज*
समानताएं	
यह लोगों के समूह द्वारा खाया जाता था (निर्गमन 12:3, 4)।	एक झुण्ड के द्वारा रोटी खाई जाती है और दाखरस पिया जाता है (1 कुरिन्थियों 11:33)।
यह परमेश्वर के प्रेम की अभिव्यक्ति थी (होशे 11:1)।	यह प्रेम की अभिव्यक्ति है (देखें प्रकाशितवाक्य 1:5)।
इसमें बिना दोष के बलिदान दिया जाता था (निर्गमन 12:5)।	यीशु निर्दोष था (2 कुरिंन्थियों 5:21; इब्रानियों 4:15; 1 पतरस 1:19)।
एक नर पशु को मारा जाता था (निर्गमन 12:5)।	यीशु एक नर मारा गया (मत्ती 1:21, 25)।
लहू के द्वारा जीवन देने के लिए एक मृत्यु होती थी (निर्गमन 12:7, 13)।	यीशु की मौत हुई ताकि उसके लहू के द्वारा दूसरों को जीवन मिले (यूहन्ना 6:54; देखें रोमियों 5:10)।
यह एक ठहराए हुए दिन मनाया जाता था (निर्गमन 12:6; गिनती 9:2-5)।	यह एक निर्धारित दिन मनाया जाता है (प्रेरितों 20:7)।
इस पर्व में अखमीरी रोटी खाई जाती थी (निर्गमन 12:8)।	अखमीरी रोटी खाई जाती है (1 कुरिंन्थियों 5:8)।
छुटकारे के लिए लहू बहाया जाता था (निर्गमन 12:13)।	क्षमा के लिए खून बहाया गया (मत्ती 26:28)।
पहलौठों को मृत्यु से बचाने के लिए लहू बहाया जाता था (निर्गमन 12:12, 13)।	पहलौठी कलीसिया के लिए खून बहाया गया (इब्रानियों 12:23; प्रेरितों 20:28)।
परमेश्वर के किए काम के स्मरण में इसे खाया जाता था (निर्गमन 12:14)।	यीशु के बलिदान को याद किया जाता है (1 कुरिन्थियों 11:24, 25)।
यह यादगार में बार-बार करना था (निर्गमन 12:14, 17, 24)।	यह यादगार को जारी रखना है (1 कुरिंन्थियों 11:26)।
मेमने का दूसरों के द्वारा बलिदान किया जाता था (निर्गमन 12:21-23)।	मेमना दूसरों के द्वारा बलिदान किया गया (प्रेरितों 2:23)।
यह परमेश्वर के लोगों द्वारा मनाया जाता था और खतना रहित आदमी इसमें से नहीं खा सकते थे (निर्गमन 12:42-48)।	यह आत्मिक रूप में खतना किए हुओं के लिए है (कुलुस्सियों 2:11-13)।

जब बलिदान किया जाता था तो कोई हड्डी नही तोड़ी जाती थी (निर्गमन 12:46)।	यीशु जब मरा तब उसकी हड्डियां नहीं तोड़ी गई (यूहन्ना 19:32, 33)।
अन्तर	
यह घराने के लोगों के लिए था (निर्गमन 12:3)।	यह आत्मिक परिवार के लिए है (देखें 1 कुरिन्थियों 10:17)।
बहुत मेमने वध किए जाते थे, हर परिवार के लिए कए (निर्गमन 12:3)।	सिर्फ एक ही मौत हुई (इब्रानियों 7:27; 9:24-28; 10:10, 12, 14)।
परमेश्वर के लोगों द्वारा लहू घरों की चौखटों पर लगाया गया (निर्गमन 12:7, 21, 22)।	यीशु का लहू एक विदेशी द्वारा बहाया गया, एक रोमी सिपाही द्वारा (यूहन्ना 19:34)।
एक मेमने को वध किया जाता था और शाम को खाया जाता था, कुछ भी बचाया नहीं जाता था (निर्गमन 12:8-10)।	यीशु परमेश्वर का मेमना (यूहन्ना 1:29), मारा गया और यह उसके स्मरण में खाई जाती है और तब तक खाई जाएगी जब तक वह दोबारा न आ जाए (1 कुरिन्थियों 11:23-25)।
यह पिछली बातें याद दिलाता था कि परमेश्वर ने क्या किया था (निर्गमन 12:14)।	यह पीछे यीशु की मृत्यु और ओगे उसके दोबारा आने को देखती है (1 कुरिंन्थियों 11:23-26)।
पर्व से पहले और आखिरी दिन कोई काम नहीं किया जाता था (निर्गमन 12:16; व्यवस्थाविवरण 16:8)।	काम बन्द करने की आवश्यकता नहीं
मेमने का लहू परमेश्वर के देखने के लिए था ताकि वह पहलौठे को न मारे (निर्गमन 12:12, 13, 23)।	यीशु के लहू ने पापों को क्षमा किया और नई वाचा दी (मत्ती 26:28)।
परमेश्वर के काम को याद किया जाता था, मेमने के वध को नहीं (निर्गमन 12:42)।	यीशु और उसकी मृत्यु को याद किया जाता है (1 कुरिंन्थियों 11:23-26)।
यह परमेश्वर द्वारा निर्धारित जगह पर मनाया जाता था (व्यवस्थाविवरण 16:5, 6)।	कोई खास जगह चुनी गई (यूहन्ना 4:21)।
यह साल में एक बार सप्ताहभर मनाया जाता था (व्यवस्थाविवरण 16:1, 8)।	यह सप्ताह के पहले दिन लिया जाता है (प्रेरितों 20:7)।

फसह का पर्व देकर परमेश्वर ने प्रभु-भोज क यादगारी की परछाईं दी। पौलुस ने लिखा, ''क्योंकि हमारा भी फसह जो मसीह है, बलिदान हुआ है'' (1 कुरिन्थियों 5:7)। इस प्रकार से दो पर्वों में एकरूपता बनती है।